Regarding need to reduce custom duty on export of oranges to Bangladesh-laid

श्री रामदास तडस (वर्धा): अपने संसदीय क्षेत्र वर्धा वरुड, मोर्शी के संतरा किसानों एंव व्यापारियों की समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान दिलाते हुए कहना है, कि विदर्भ मुख्य फल संतरा उत्पादक क्षेत्र है, विदर्भ मे करीबन 1.50 लाख हेक्टेयर मे संतरा उत्पादन होता है एंव 1 लाख किसान इस पर निर्भर है, कुल उत्पादन के 25 से 30 टक्के संतरा बांग्लादेश निर्यात होता है । लेकिन पिछले 2/3 साल से बांगलादेश द्वारा रु. 88/- प्रति किलो इंपोर्ट डयुटी लगाने की वजह से भारतीय बाजार पेठ मे संतरा के दाम मे भारी गिरावट हुई थी । जिस कारण मैंने पूर्व में भी इस समस्या को सदन में उठाया था तो महाराष्ट्र सरकार ने बांगलादेश मे एक्स्पोर्ट करने वाले एक्सपोर्टर किसानो को कंपनियो को 50 टक्के एक्सपोर्ट सबसीडी देने की घोषणा की है जो कम है एंव केन्द्र सरकार के माध्यम से बांग्लादेश, मिडल ईस्ट, युरोप मे संतरा निर्यात बढाने हेतु प्रयास करना जरुरी है एंव केन्द्र सरकार द्वारा प्रोसेसिंग इंडस्ट्री को प्रोत्साहन देकर ऑरेंज जूस, पील पावडर, आईल की कंपनी को बढ़ावा देना आवश्यक है । अत: माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि संतरा के एक्सपोर्ट में कस्टम ड्यूटी को कम किया जाए जिससे कि अधिक से अधिक संतरा का एक्सपोर्ट विदेश में हो ।